समास (2 अंक)

परिभाषा – जब दो या दो से अधिक शब्द मिलकर कोई एक शब्द बनाते हैं तो, उसे समास कहते हैं।

[द्विगु समास]

सूत्र – संख्यापूर्वो द्विगुः।

⇒ जिसके पूर्व पद में संख्यावाची शब्द हो।

⇒ जिस समास में उत्तरपद (बादवाला) प्रधान होता है, वहाँ द्विगु समास होता है।

उदाहरण –

समस्त पद	विग्रह
सप्तर्षि –	सात ऋषियों का समूह
त्रिवेणी –	तीन वेणियों का समाहार
चतुर्भुज –	चार भुजाओं का समूह
चौराहा –	चार राहों " "
चतुर्मुख –	चार मुखों " "

Scanned by TapScanner

दोराहा	–	दो राहों का समूह
पंचपात्र	–	पाँच पात्रों " "
नवरत्न	–	नव रत्नों का समाहार
त्रिफला	–	तीन फलों का समूह
सप्तधान्य	–	सात धान्यों " "
सप्तसिन्धु	–	सात समुद्रों " "
अष्टग्रह	–	आठ ग्रहों का समाहार
सतसई	–	सात सौ का समूह
तिरंगा	–	तीन रंगों का समाहार
चारपाई	–	चार पैरों का समूह
त्रिभुज	–	तीन भुजाओं का समूह
पंचतंत्र	–	पंच तंत्रों का "
दोपहर	–	दो पहरों " "
पञ्चपल्लव	–	पाँच पल्लवों " "
त्रिकोण	–	तीन कोणों " "

Scanned by TapScanner

द्वन्द्व समास

सूत्र- उभयपदार्थप्रधान: द्वन्द्व:

जिस समस्त पद में पूर्व एवं उत्तर पद दोनों प्रधान हों वहाँ पर द्वन्द्व समास होता है।

समस्तपद		विग्रह
गुण-दोष	-	गुण और दोष
दिन-रात	-	दिन और रात
राधाकृष्ण	-	राधा और कृष्ण
रामलखन	-	राम और लखन
अपना-पराया	-	अपना और पराया
अमीर-गरीब	-	अमीर और गरीब
पिता-पुत्र	-	पिता और पुत्र
पति-पत्नी	-	पति और पत्नी
सुख-दुःख	-	सुख और दुःख
आचार-विचार	-	आचार एवं विचार
शुभाशुभ	-	शुभ एवं अशुभ

Scanned by TapScanner